तारीख हुक्म

हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज

भगवान सहाय बनाम मनोहर

अपील संख्या 618/20(जीसीएमएस नम्बर 2020/00653)

नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

12.02.2024

पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थीगण/अपीलांट द्वारा प्रार्थना पत्र बाबत शीघ्र सुनवाई करने एवं प्रा.पत्र बाबत अपील विड्रो करने प्रस्तुत करने पर बहस सुनी गई। वकील अपीलार्थी श्री हरिप्रसाद जांगिड एडवोकेट ने प्रार्थना पत्र विड्रो करने के तथ्य को दोहराते हुए कथन किया कि उक्त उनवानी अपील श्रीमान के समक्ष विचाराधीन है। एवं आगामी तारीख पेशी दिनांक 14.03.2024 नियत है। उक्त उनवानी अपील को प्रार्थीगण आगे नहीं चलाना चाहते हैं। एवं उक्त अपील में अब कोई कार्यवाही नहीं करना चाहते हैं। प्रार्थीगण उक्त अपील को विड्रा करना चाहते हैं। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सादर निवेदन है कि उक्त अपील को इसी स्तर पर विड्रा करने की अनुमति प्रदान कर उक्त अपील को विड्रा कर अपील को दाखिल दफ्तर करने के आदेश प्रदान करें।

हमने अधिवक्ता प्रार्थीगण/अपीलान्ट की बहस पर मनन किया तथा पत्रावली का अवलोकन किया जिससे जाहिर होता है कि प्रार्थीगण/अपीलान्ट स्वंय ही अपनी अपील आगे नहीं चलाना चाहते हैं। ऐसी स्थिति में अब इस अपील को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता है। वकील अपीलांट द्वारा प्रार्थीगण/अपीलान्ट के पहचान पत्र को तस्दीक किया गया।

अतः प्रार्थीगण/अपीलार्थीगण का प्रा. पत्र विड्रो स्वीकार किया जाता है तथा प्रार्थीगण/अपीलार्थीगण स्वंय अपील विड्रो किये जाने के कारण अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। इस न्यायालय की पत्रावली फैसल शुमार होकर पूर्ति लेख भण्डार हो।

(डॉ. आरूषि मलिक)
संभागीय आयुक्त
जयपुर

संभागीय आयुक्त
जयपुर